# आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक: 19.09.2024 समय : 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि केन्द्र सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में व्यापक सुधार शुरू किये हैं
- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार बजट घोषणाओं को धरातल पर लाने के लिये तेजी से काम कर रही हैं
- राज्य में इस मानसून सीजन में सामान्य से करीब 58 फीसदी ज्यादा बारिश हुई–अगले 4–5 दिन पूर्वी जिलों में मॉनसून सक्रिय रहने की संभावनां
- किसानों को खेती की नई तकनीक और अनुसंधान की जानकारी देने के लिए आकाशवाणी और दूरदर्शन पर नया कार्यक्रम शुरू होगां

0000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार देश के खाद्य क्षेत्र में नवाचार, स्थिरता और सुरक्षा के वैश्विक मानक स्थापित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं आज नई दिल्ली में आयोजित वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 प्रदर्शनी के अवसर पर एक वीडियो संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में एक जीवंत और विविध खाद्य संस्कृति हैं किसान देश के खाद्य पारिस्थितिकी तंत्र की रीढ़ हैं उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार किसानों की मदद के लिए नई नीतियां लेकर आ रही हैं प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार ने खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में व्यापक सुधार शुरू किए हैं प्रधानमंत्री ने वर्ल्ड फूड इंडिया–2024 में कई देशों की भागीदारी पर कहा कि यह दुनिया के साथ काम करने का एक आदर्श मंच हैं उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने प्रसंस्करण उत्पादों की गुणवत्ता और ब्रैंडिंग बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दियां खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि खाद्य और प्रसंस्करण क्षेत्र, किसानों को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण

भूमिका निभा रहा हैं चार दिवसीय वर्ल्ड फूड इंडिया 2024 में 90 से अधिक देश, 26 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश तथा 18 मंत्रालय और संबद्ध सरकारी निकाय भाग ले रहे हैं

000

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने कहा है कि सरकार का लक्ष्य हाइड्रोजन के उपयोग से आने वाले वर्षों में लगभग 22 लाख करोड़ के जीवाश्म ईंधन के आयात को कम करके लगभग चार लाख करोड़ करना हैं दिल्ली में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने कहा कि सरकार मिराई परियोजना पर तेजी से काम कर रही हैं

मिराई एक कार है, जिसमें कचरे से उत्पन्न हाइड्रोजन का ईंधन के रूप में इस्तेमाल होता हैं उन्होंने यह भी कहा कि जैव प्रौद्योगिकी के उपयोग से सस्ती दर पर हाइड्रोजन का उत्पादन संभव हो सकता हैं श्री गडकरी ने राष्ट्र निर्माण में कृषि के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि हमारे किसान केवल अन्नदाता ही नहीं, बल्कि ऊर्जादाता, ईंधनदाता और हाइड्रोजनदाता भी हैं, क्योंकि वे पराली के उपयोग से जैव इथेनॉल उत्पन्न करने में सक्षम हैं

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा है कि राज्य सरकार ने बजट में जो घोषणाएं की थी वे मूर्त रूप लेने लगी हैं अब तक 10 हजार करोड़ रूपये के कामों का शिलान्यास और लोकापर्ण किया जा चुका हैं श्री शर्मा ने आज चित्तौड़गढ़ जिले के नरबदिया गांव के अनगढ़ तीर्थ स्थल पर एक पेड़ मां

के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कर जनसभा को सम्बोधित कियां उन्होंने कहा कि चित्तौडगढ में 3350 करोड़ रूपये की जाखम पेयजल परियोजना का कार्य और माही बेसिन के पानी को जयसमंद में लाने का कार्य किया जा रहा हैं उन्होंने इस वर्ष को बिजली, पानी को समर्पित वर्ष बताते हुए कहा कि अब तक किसानों को रात के समय बिजली की आपूर्ति की जाती थी लेकिन 2027 तक किसानों को दिन में भी बिजली उपलब्ध कराई जायेगीं मुख्यमंत्री ने कहा कि इस साल 7 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य हाथ में लिया गया था जिसे पूरा कर लिया गया हैं उन्होंने कहा कि आगामी 5 वर्षों में 50 करोड़ पेड़ लगाने का रिकॉर्ड बनाया जायेगां

000

सवाईमाधोपुर जिले के डेकवा गांव में आज केंद्रीय संचार ब्यूरो के क्षेत्रीय कार्यालय सवाईमाधोपुर की ओर से पोषण–माह और स्वच्छता–ही–सेवा अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गएं इस अवसर पर जन चेतना रैली और चित्रकला प्रतियोगिता हुईं रैली के माध्यम से स्कूली बच्चों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और ग्रामवासियों ने पोषण तथा स्वच्छता ही सेवा पर नारे और स्लोगन के माध्यम से जागरूकता का संदेश दियां रैली से पहले कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को स्वच्छता ही सेवा की शपथ दिलाई गईं पाली जिले के सुमेरपुर में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पोषण माह के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान का आयोजन किया गयां आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने पौधारोपण कर स्वच्छता और पर्यावरण जागरूकता का संदेश दियां

000

सूचना और प्रसारण मंत्रालय क्षेत्रीय कार्यालयों के साथ मिलकर विशेष स्वच्छता अभियान 4.0 चला रहा हैं यह अभियान 2 से 31 अक्टूबर के बीच चलाया जाएगां इस अभियान के तहत कार्यालय परिसर की साफ–सफाई, बेहतर स्थानीय प्रबंधन और संचार के विभिन्न माध्यमों से जागरूकता फैलाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगां सूचना और प्रसारण सचिव संजय जाजू ने एक बैठक में सभी मीडिया इकाई प्रमुखों के साथ इस विशेष अभियान की प्रगति की समीक्षा कीं

000

राज्य में इस मानसून सीजन में अब तक 671 मिलीमीटर बारिश हो चुकी है, जो सामान्य से करीब 58 फीसदी ज्यादा हैं प्रदेश के पूर्वी हिस्सों में अब तक सामान्य से 49 प्रतिशत ज्यादा वहीं पश्चिमी जिलों में सामान्य से 75 प्रतिशत ज्यादा बरसात हुई हैं दौसा में सबसे ज्यादा 1 हजार 402 मिलीमीटर पानी बरसा हैं प्रदेश के कुछ जिलों में आज भी हल्की बारिश हुई हैं जयपुर के कई इलाकों में बूंदाबांदी और हल्की बरसात हुई झालावाड़ में भी दोपहर बाद झमाझम पानी बरसां जालौर में भी तेज बारिश हुईं सवाई माधोपुर में दिन भर बादल छाये रहने के बाद शाम को बरसात हुईं इसके अलावा, दौसा, सीकर, चूरू, करौली, अलवर जिलों में भी बूंदाबांदी और हल्की बारिश के समाचार हैं  मौसम विभाग ने अगले चार–पांच दिन पूर्वी जिलों में

मानसूल के सक्रिय रहने की संभावना जताई हैं वहीं पश्चिमी जिलों में अगले दो दिन बारिश का दौर जारी रहेगां

000

केन्द्र सरकार कृषि अनुसंधान और तकनीक पर अगले महीने से कृषि चौपाल नाम से रेडियो और टीवी कार्यक्रम शुरू करेगीं आकाशवाणी और दूरदर्शन पर प्रसारित होने वाले कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नवीनतम कृषि अनुसंधान और तकनीक की जानकारी उपलब्ध कराना हैं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज नई दिल्ली में कृषि मंत्रालय की 100 दिनों की उपलब्धियां बताते हुए इस कार्यक्रम की घोषणा कीं श्री चौहान ने कहा कि किसानों से सीधे जुड़कर वैज्ञानिक उनकी समस्याओं का समाधान करेंगें

यह कार्यक्रम किसानों के साथ अत्याधुनिक अनुसंधान निष्कर्षों को साझा करने, उन्हें नई तकनीकों, फसल किस्मों और कीट प्रबंधन से जोड़ने पर ध्यान केंद्रित करेगां कार्यक्रम के माध्यम से किसानों को फसलों की उपज बढ़ाने के लिए जागरूक किया जाएगां कृषि मंत्री ने कहा कि किसानों की शिकायतें दर्ज करने और समाधान करने के लिए किसान शिकायत निवारण प्रणाली भी स्थापित की जाएगीं उन्होंने कहा कि वे हर मंगलवार को किसानों और उनके संगठनों से मिलकर उनके मुद्दे और शिकायतें सुनेंगें

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला शुरू की गई हैं आज हम आपको बता रहे हैं सरकार द्वारा आमजन की स्वास्थ्य सुविधाओं के संबंध में लिए गए फैसलों के बारे में

000

सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में राष्ट्रीय सम्मेलन में सहकारिता मंत्रालय द्वारा सौ दिनों में की गई परिवर्तनकारी पहलों की एक श्रृंखला का उद्घाटन कियां श्री शाह ने सहकार–से–समृद्धि विषय के अन्तर्गत मंत्रालय के सौ दिन पहल की शुरुआत कीं श्री शाह ने कहा कि सरकार सहकारिता के माध्यम से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नयी गति दे रही हैं इस अवसर पर केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी और पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह और सहकारिता राज्य मंत्री मुरलीधर मोहोल भी मौजूद थें

000

प्रदेश में ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए कल से 4 अक्टूबर तक पाइप लाइन से घरेलू गैस के नए कनेक्शन लेने वालों के लिए प्रोत्साहन योजना शुरु की गई हैं राजस्थान स्टेट गैस लिमिटेड आरएसजीएल के प्रबंध

निदशक रणवीर सिंह ने बताया कि इस अवधि के दौरान कोटा शहर में डीपीएनजी कनेक्शन लेने वाले पहले एक हजार उपभोक्ताओं को लगभग एक माह के उपभोग की गैस मुफ्त उपलब्ध कराई जाएगीं कोटा शहर में सीएनजी तथा पीएनजी उपलब्ध कराने का कार्य आरएसजीएल द्वारा किया जा रहा हैं पाइप लाइन द्वारा घरेलू गैस वितरण किफायती, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होने से ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा मिलेगां

000

दौसा जिले के बांदीकुई क्षेत्र के जोधपुरिया गांव में कल बोरवेल के पास बने 35 फुट गहरे गढ्ढे में गिरी 2 साल की बच्ची नीरू गुर्जर को एसडीआरएफ और एनडीआरएफ की टीम ने सुरक्षित बाहर निकाल लिया हैं ये बच्ची बोरवेल के पास बने गड्ढे में खेलते समय गिर गई थीं इस बच्ची को बचाने के लिये राज्य और राष्ट्रीय आपदा मोचन बलों ने संयुक्त अभियान चलाते हुए सबसे पहले बोरवेल में वीएलसी कैमरा डाल कर बच्ची तक ऑक्सीजन पहुंचाईं समय–समय पर बालिका को बोतल से पानी और दूध पीने के लिए दिया गयां आज सुबह दस बजे एसडीआरएफ के दो जवानों संदीप कुमार और बजरंग लाल ने गड्ढे की गहराई तक खोदी गई सुरंग के जरिये बच्ची को जीवित बाहर निकाल लियां

000

68वीं राज्य स्तरीय उच्च प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता आज कोटा में शुरू हुई शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने प्रतियोगिता का उद्घाटन कियां उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों में प्रतिस्पर्धा के माध्यम से आगे बढ़ने की भावना पैदा होती हैं उन्होंने खिलाड़ियों का आव्हान किया कि वे जीवन में आने वाली सभी चुनौतियों और खतरों का सामना करते हुए आगे बढ़ें कार्यक्रम में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए हुए करीब 3 हजार खिलाड़ियों ने मार्चपास्ट कियां 24 सितम्बर तक चलने वाली इस राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में 14 वर्ष तक की आयु के छात्र–छात्राओं के लिए सॉफ्टबॉल तथा 17 और 19 वर्ष आयु वर्ग की छात्र–छात्राओं के लिए शतरंज प्रतियोगिता होगीं डीग में आज से 68 वीं राज्य स्तरीय स्कूली कुश्ती प्रतियोगिताा शुरू हुई इसमें राज्य के सभी जिलों के करीब दो हजार पहलवान भाग ले रहे हैं

000